(ख) उपलब्ध सूचना के अनुसार, अब तक मध्य प्रदेश पुलिस के 137 कार्मिकों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जा चुका है।

इंडिया गेट के आसपास प्रदर्शनों/रैलियों पर प्रतिबंध लगाया जाना

2158. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटू भाई पटेल :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का नई दिल्ली में इंडिया गेट के आसपास प्रदर्शनों और रैलियों पर प्रतिबन्ध लगाने का विचार है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) और (ख) इस संबंध में कोई अंतिम निर्णय नहीं किया गया है।

भारत-पाक सीमा पर लगाई गई बाड़ को पहुंचाई गई क्षति

2159. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत-पाक सीमा की सैक्टर-वार लम्बाई कितनी है ;

(ख) इस सीमा पर सैक्टर-वार कितने क्षेत्र में फ्लड लाइट की व्यवस्था की गई है ;

(ग) क्या उक्त सीमा-क्षेत्र में पहले से ही लगाई गई कंटीले तारों की बाड़ को कोई क्षति पहुंचाई गई है ;

(घ) यदि हां, तो इसका सैक्टर-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस क्षतिग्रस्त क्षेत्र की मरम्मत पर कितना व्यय होने की संभावना है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) भारत-पाक सीमा की क्षेत्रवार लम्बाई निम्न प्रकार है :-

1. गुजरात : 512 कि०मी० (कच्छ में 104 कि०मी० सहित)
2. राजस्थान : 1035 कि०मी०
3. पंजाब : 554 कि०मी०
4. जम्मू और कश्मीर : 210 कि० मी० (अन्तर्राष्ट्रीय सीमा) 790 कि०मी० (वास्तविक नियंत्रण रेखा)

(ख) पंजाब के 383.421 कि०मी० क्षेत्र में तथा राजस्थान के 250.25 कि०मी० क्षेत्र में फ्लड लाईट लगाने का काम पूरा किया जा चुका है।

(ग) जी हां, श्रीमान।

(घ) और (ङ) पंजाब क्षेत्र में अगस्त, 1988 में तथा दुबारा सितम्बर/अक्तूबर में आई भयंकर बाढ़ के कारण 30.338 कि०मी० की बाढ़ को नुकसान पहुंचा। नुकसान का कुल अनुमान 1.51 करोड़ रुपए का लगाया गया। उसमें से 16 लाख रुपए मूल्य तक के नुकसान को ठेकेदारों द्वारा ठीक कर दिया गया तथा 1.04 करोड़ रुपए मूल्य के नुकसान के कार्य को ठेकेदारों के जोखिम और लागत पर ठीक करवाया गया।

Political prisoners

2160. SHRIMATI KAMLA SINHA : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether the Amnesty International inhits annual report for the period January to December, 1991 had pointed out that at least 25,000